प्रादेशिक समाचार
दिनांक–05.10.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी की। करीब साढ़े नौ करोड़ किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से दो–दो हजार रुपये डाले गए। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कृषि और पशुपालन से जुड़ी कई पहलों का भी शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों के उत्थान के लिए संकल्पित है।

****

राज्य में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी आज शाम पांच बजे पार्टी का संक्षिप्त घोषणा पत्र जारी करेगी। कार्यक्रम में अन्य पार्टी नेताओं के अलावा भाजपा के चुनाव प्रभारी सह केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल होंगे। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि आज घोषणा पत्र के पांच संकल्प जारी किये जायेंगे, जिसे पंचप्रण का नाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 25 और तीसरे और आखिरी चरण में घोषणा पत्र के 150 संकल्प जारी किये जायेंगे।

****

कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रांची में सीएमपीडीआई के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान श्री दुबे ने सीएमपीडीआई की गतिविधियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सीएमपीडीआई न केवल लोगों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि प्रौद्योगिकी के बल पर देश को आगे ले जाने में भी इसकी अहम भूमिका है। श्री दुबे ने संस्थान द्वारा कोयला गैसीकरण पर आयोजित हैकथान के विजेताओं को सम्मानित किया। वे आज घाटशिला के दौरे पर हैं।

****

सत्ताधारी दल के विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कोडरमा के चंदवारा प्रखंड के बीडीओ, सीओ और कल्याण पदाधिकारी पर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अनदेखी का आरोप लगाया।

****

सिमडेगा जिले में मुख्यमंत्री उर्जा खुशहाली योजना के तहत दो सौ यूनिट खर्च करनेवाले घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल माफ कर दिया गया है।

****

शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज रांची समेत पूरे राज्य में मां चंद्रघण्टा की पूजा हो रही है। इस बीच रांची के पुराना विधानसभा मैदान में बनाये गये पूजा पंडाल का आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उद्घाटन किया। मौके पर रांची के सांसद सह रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ और रांची के विधायक सीपी सिंह भी मौजूद थे। पुराना विधानसभा मैदान में अयोध्या के श्रीराम मंदिर का प्रारुप बनाया गया है।

****

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ स्टेडियम में खेली जा रही 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चौंपियनशिप के पांचवें दिन हरियाणा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक ने अपने–अपने मैच जीते। दिन के पहले मैच में हरियाणा ने पूल सी में असम को 11–0 से हराया। छत्तीसगढ़ ने पूल डी के अपने मैच में दिल्ली को 6–1 से पराजित किया। ओडिशा ने पूल ई में बंगाल के खिलाफ 3–0 से जीत दर्ज की जबकि उत्तर प्रदेश ने पूल एच के अपने मुकाबले में हिमाचल को 4–0 से हराया। दिन के आखिरी मैच में कर्नाटक ने पूल एच में गुजरात पर 8–0 से जीत दर्ज की।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर झारखंड में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में आज और कल बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस दौरान रांची, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला समेत कई जिलों में गर्जन और वज्रपात के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

*******समाप्त*******